समस्त पत्र व्यवहार "कुलसचिव" को संबोधित किया जाये किसी
अधिकारी के व्यक्तिगत नाम से नही । पूर्व सन्दर्भ यदि हो तो,
देना आवश्यक है अन्यथा कोई कार्यवाही संभव नहीं होगी ।

दूरभाष : 2527532
तार : युनिव्हर्सिटी
फेक्स : 0731–529540

# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर – 452 001

क्र. शैक्षणिक / सम्बद्धता / 2023 / 936 दिनांक 19 JUN 2023

S.V.I.M.
INWARD No. 6474
Date 20/6/23
Signature

प्रति,

प्राचार्य / संचालक,
श्री वैष्णव इंस्टिट्युट ऑफ मैनेजमेंट,
स्कीम नं. 71, गुमास्ता नगर, इन्दौर।

विषयः महाविद्यालय को शैक्षणिक सत्र 2023–24 में विभिन्न पाठ्यक्रमों की प्रथम वर्ष की अस्थाई सम्बद्धता हेतु प्रोव्हिजनल पत्र प्रदान करने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत महाविद्यालय के आवेदन को विद्या परिषद की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 09/06/2023 में प्रस्तुत किया गया है, स्थाई समिति द्वारा विषय क्र. 2(8) में महाविद्यालय को बी.बी.ए. (हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) प्रथम वर्ष (60 सीट), बी.बी.ए. (फॉरेन ट्रेड) प्रथम वर्ष (60 सीट), बी.एससी. (बायोटेक्नालॉजी, केमेस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी) प्रथम वर्ष (60 सीट), बी.एससी. (बायोटेक्नालॉजी, केमेस्ट्री, बायोइन्फॉरमेटिक्स) प्रथम वर्ष (60 सीट), बी.एससी. (बायोटेक्नालॉजी, केमेस्ट्री, कम्प्युटर साइंस) प्रथम वर्ष (60 सीट), एम.एससी. (बायोइन्फॉरमेटिक्स) पूर्वार्द्ध (30 सीट) तथा एम.एससी. (कम्प्युटर साइंस) पूर्वार्द्ध (30 सीट) की अस्थाई सम्बद्धता शैक्षणिक सत्र 2023–24 में प्रदान करने की सशर्त अनुशंसा की गई है।

नोटः–

1. महाविद्यालय द्वारा प्रत्येक कोर्स में दो–दो शिक्षकों की नियुक्ति कॉलेज कोड–28 में 3 माह में करने एवं निरीक्षण समिति द्वारा उल्लेखित कमियों की पूर्ति 1 माह में करने की शर्त पर उपरोक्तानुसार पाठ्यक्रमों की प्रथम वर्ष की अस्थाई सम्बद्धता शैक्षणिक सत्र 2023–24 में प्रदान करने की अनुशंसा की जाती है।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

पृष्ठांकन शैक्षणिक / सम्बद्धता / 2023 / 936 दिनांक : 19 JUN 2023

प्रतिलिपि :–

1 उप–कुलसचिव, परीक्षा / गोपनीय / प्रशासन की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
2 प्रभारी, एम.पी.ऑनलाईन, दे.अ.वि.वि. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

उपकुलसचिव(शैक्ष.)

पत्र व्यवहार "कुलसचिव" को संबोधित किया जाये किसी अधिकारी के व्यक्तिगत नाम से नहीं। पूर्व सन्दर्भ यदि हो तो, देना आवश्यक है अन्यथा कोई कार्यवाही संभव नहीं होगी।

दूरभाष : 2527532
तार : युनिव्हर्सिटी
फेक्स : 0731–529540

# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन
इन्दौर – 452 001

क्र. शैक्षणिक / सम्बद्धता / 2023 / 1180

दिनांक : 15 MAY 2024

प्रति,

प्राचार्य / संचालक,
श्री वैष्णव इंस्टिट्युट ऑफ मैनेजमेंट,
स्कीम नं. 71, गुमास्ता नगर, इन्दौर

विषयः– महाविद्यालय को विभिन्न पाठ्यक्रमों की अस्थाई सम्बद्धता निरन्तरता शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिये प्रदान करने विषयक।

सन्दर्भः आपका पत्र क्र. SVIM/2023/4536 दिनांक 28/02/2023 एवं पत्र दिनांक 19/02/2024

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपके आवेदन के संदर्भ में विद्या परिषद् की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 06/04/2023 एवं कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 11/04/2023 में लिये गये निर्णयानुसार महाविद्यालय की शैक्षणिक सत्र 2023–24 में निम्नानुसार पाठ्यक्रमों की सशर्त अस्थाई सम्बद्धता निरंतरता जारी है:–

| क्र. | महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम का नाम | सीट संख्या |
|---|---|---|
| 1 | बी.बी.ए. | 480 |
| 2 | बी.सी.ए. | 180 |
| 3 | बी.एससी. (कम्प्युटर साइंस अति. विषय के साथ) | 60 |
| 4 | बी.एससी. (आई.टी. अति. विषय के साथ) | 60 |
| 5 | एम.बी.ए. (फायनेंसियल एडमिनिस्ट्रेशन) | 60 |
| 6 | एम.बी.ए. (फूलटाईम) | 180 |
| 7 | एम.बी.ए. (मार्केटिंग मैनेजमेंट) | 60 |
| 8 | पीएच.डी. शोध केन्द्र (मैनेजमेंट) | — |

निर्देशः–

1. ए.आई.सी.टी.ई. नई दिल्ली के मापदण्डों का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जावें।
2. परीक्षा कार्य में असहयोग करने वाले महाविद्यालयों को आगामी सत्र् में निरंतरता / नवीनीकरण करने पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. महाविद्यालय के आकस्मिक निरीक्षण में यदि पाया जाता है कि यू.जी.सी. / ए.आई.सी.टी.ई. के मापदण्ड अनुरूप छात्र संख्या अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति परिनियम 28 के अन्तर्गत नहीं की गई है तो सम्बद्धता समाप्ति की कार्यवाही की जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व महाविद्यालय / संस्था का होगा।
4. विश्वविद्यालय परिनियम क्र.27 एवं 28 का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जावें।
5. महाविद्यालय ऑल इण्डिया सर्वे आन हायर एज्युकेशन aishe.gov.in के पोर्टल पर महाविद्यालय से संबंधित सभी जानकारी आवश्यक रूप से अपलोड करें।
6. सुरक्षा की दृष्टि से महाविद्यालय का सम्पूर्ण परिसर CCTV कैमरों की निगरानी में हो तथा निर्धारित संख्या में मान्यता प्राप्त सुरक्षा एजेंसी के सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जाना सुनिश्चित करें।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

पृ.क्र.शैक्षणिक / सम्बद्धता / 2023 / 1180

दिनांक : 15 MAY 2024

प्रतिलिपिः–

1. उपकुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय / प्रशासन) दे.अ.वि.वि. इन्दौर की ओर सूचनार्थ।
2. प्रभारी, एम.पी.ऑनलाईन, दे.अ.वि.वि. इन्दौर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहा.कुलसचिव(शैक्ष.)